परियोजना | यूपी, छग, महाराष्ट्र जाने शहर में प्रवेश की आश्यकता नहीं होगी

आउटर रिंग रोड प्रोजेक्ट से ट्रैफिक होगा तेज

जबलपुर । राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश में विकसित की जा रही जबलपुर आउटर रिंग रोड परियोजना महाकौशल क्षेत्र के विकास का नया अध्याय लिखने जा रही है। प्रदेश में सड़क अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण परियोजना है। लगभग 3,540 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रही 114 किलोमीटर लंबी यह महत्वाकांक्षी परियोजना जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी, व्यापार, पर्यटन एवं औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि जबलपुर क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने वाली यह परियोजना शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के साथ-साथ क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन, कृषि और औद्योगिक गतिविधियों को भी मजबूती प्रदान करेगी। फोर लेन वाले इस अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का निर्माण विशेष रूप से शहर के बाहर से आने-जाने वाले भारी एवं लंबी दूरी के यातायात को सुगम मार्ग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। फोर लेन वाले इस अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का निर्माण विशेष रूप से शहर के बाहर से आने-जाने वाले भारी एवं लंबी दूरी के यातायात को सुगम मार्ग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसके पूर्ण होने के बाद जबलपुर शहर में यातायात का दबाव कम होगा तथा उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की ओर जाने वाले वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

शहर को मिलेगी ट्रैफिक जाम से राहत

विगत वर्षों में जबलपुर में तेजी से हुए शहरी विस्तार, औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि तथा यात्री एवं मालवाहक वाहनों की संख्या बढ़ने से यातायात दबाव लगातार बढ़ा है। शहर की प्रमुख सड़कों पर जाम, लंबा यात्रा समय और ईंधन की अतिरिक्त खपत आम समस्या बन गई थी। आउटर रिंग रोड परियोजना इन चुनौतियों का दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत करती है। इसके संचालन से लंबी दूरी के वाहनों का आवागमन शहर के बाहर से होगा, जिससे शहरी सड़कों पर दबाव कम होगा और आम नागरिकों को अधिक सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध होगी।

पांच पैकेजों में हो रहा निर्माण

परियोजना को प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 5 अलग-अलग पैकेजों में विभाजित किया गया है। इनमें बरेला से मानेगांव, मानेगांव से एनएच-45, एनएच-45 से कुशनेर, कुशनेर से अमझर तथा अमझर से बरेला तक के खंड शामिल हैं। सभी पैकेज मिलकर जबलपुर के चारों ओर एक मजबूत बाहरी परिवहन नेटवर्क तैयार करेंगे। इन मार्गों के विकसित होने से जबलपुर हवाई अड्डे सहित क्षेत्र के प्रमुख कस्बों और ग्रामीण इलाकों को बेहतर सड़क संपर्क प्राप्त होगा। परियोजना के विभिन्न हिस्से इस वर्ष एवं अगले वर्ष चरणबद्ध रूप से यातायात के लिए खोले जाएंगे।

चाइल्ड मॉडलिंग के नाम पर महिला से 1 .69 लाख की ठगी

जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत रामपुर में एक महिला के साथ बच्चे को चाइल्ड मॉडल बनाने और मुनाफे का ठग ने लालच दिया और टास्क पूरा करने के नाम पर 1,69,500 रूपए ठग लिए ।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार विजयनगर छापर रामपुर निवासी प्रियंका तिवारी (33) पूर्व में प्राइवेट कंप्यूटर कार्य करती थीं, लेकिन बच्चा होने के बाद से घर पर ही रहती हैं। 20 मईको सुबह करीब 9:23 बजे उनके फेसबुक मैसेंजर पर एक अज्ञात प्रोफाइल से मैसेज आया। मैसेज में उनके बच्चे को चाइल्ड मॉडलफ बनाने का झांसा दिया गया था। जालसाजों ने प्रियंका को झांसे में लेकर एक लिंक भेजी और टेलीग्राम ऐप डाउनलोड करवाया। इसके बाद उन्हें किड्स क्लब नाम के एक ग्रुप में शामिल कर दिया गया। शुरुआत में उन्हें एक पेज पास करने का टास्क दिया गया और कहा गया कि उन्होंने 150 का

रिवॉर्ड कैश जीता है। ठगों ने प्रियंका के बैंक खाते की जानकारी लेकर तुरंत 150 ट्रांसफर भी कर दिए, ताकि उनका भरोसा जीता जा सके। विश्वास बढ़ने पर ठगों ने निवेश के बदले बड़े मुनाफे का लालच देना शुरू किया महिला से 1,000 जमा करवाए और बदले में 1,300 वापस किए। इसके बाद 5,000 जमा करवाए और खाते में 8,450 वापस भेजे। इसके बाद ठगों ने प्रियंका से 15,000 और फिर 48,000 की मांग की। जब प्रियंका ने झिझक दिखाई, तो ठगों ने धमकी दी कि यदि और पैसे नहीं दिए, तो पुराना जमा पैसा भी वापस नहीं मिलेगा। पैसे डूबने के डर से पीड़िता ने टेलीग्राम पर कल्याणी स्वामी नाम की आईडी से बात की। ठगों के निर्देश पर प्रियंका ने अलग-अलग किश्तों में कुल 1,69,500 ट्रांसफर कर दिए। 48,000 गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर किए गए। 50,000 शीतल प्रसाद के एनएसडीएल बैंक खाते में भेजे गए। 50,000 रानी कुमारी नाम के खाते में ट्रांसफर किए गए। इसके बाद ठगों ने 2,30,000 की और मांग करते हुए अनिश दुबे और तरुण सिंघल के दो बैंक खाते भेजे, लेकिन ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने इन खातों में राशि नहीं भेजी। इस पूरी धोखाधड़ी में पीड़िता के दो बैंक खातों से लेनदेन हुआ। उनके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया खाते से 1,19,500 और बैंक ऑफ इंडिया खाते से 50,000 कटे हैं। इसके अलावा उनके खाते की 4,955 की राशि को ठगों द्वारा होल्ड करा दिया गया है।

कार्यप्रणाली में नवाचार लाएं, पूरे सिस्टम को मजबूत बनाएं : एसीएस वर्णवाल

जबलपुर । अधिकारी कार्यप्रणाली में नवाचार लाएं और कुछ नया करते हुए पूरे सिस्टम को और अधिक मजबूत व प्रभावी बनाएं। यह बातें लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने स्वास्थ्य सेवाएं आयुक्त धनराजू एस के साथ नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल का दौरा कर बैठक लेते हुए कहीं। इस बैठक में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के री-डेवलपमेंट प्लान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे अस्पताल की व्यावहारिक और कार्यात्मक आवश्यकताओं को इस विकास योजना में प्राथमिकता से शामिल करें। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में चल रहे विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा करने के साथ-साथ अस्पताल की सामान्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इसके अलावा, चिकित्सा शिक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए उन्होंने शैक्षणिक व्यवस्था और मैन पावर की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अस्पताल के बजट से जुड़े वित्तीय विषयों पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। बैठक में संभागायुक्त धनंजय सिंह, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, डीन नवनीत सक्सेना सहित सभी संबंधित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

स्टेट कैंसर यूनिट का निरीक्षण

बैठक के पश्चात अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल और आयुक्त धनराजू एस ने नवनिर्मित स्टेट कैंसर यूनिट का निरीक्षण किया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को देखा और मरीजों के लिए बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, 8 पकड़ाए

जबलपुर। सिविल लाइन पुलिस ने पुराना आरटीओ के पीछे, सिंघई पैलेस के पास चल रहे जुआ फड़ पर दबिश देकर 8 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से नगदी जब्त की गई।सिविल लाइन थाना प्रभारी कन्हैया बघेल ने बताया कि पुराना आरटीओ के पीछे ताश के पत्तों पर रुपयों की हार-जीत का दांव लगा जुआ खेल रहे बब्बन उर्फ प्रकाश मीरचंदानी, रोहन सिंह राजपूत, शरद ठाकुर, तरूण सिंह राजपूत सभी निवासी साउथ सिविल लाइन, जयेश माकीजा नया मोहल्ला, ओमती, सौरभ मौर्य शीतलामाई, घमापुर, भास्कर कनोजिया गोविन्द भवन, सिविल लाइन, सावन सिंह ठाकुर कांचघर, घमापुर को घेराबंदी कर दबोचा गया। पुलिस ने जुआरियों के पास से और फड़ से 8,680 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं।

एम्पलाई कोड, पदोन्नति, प्रोत्साहन राशि का किया जाए समाधान

कर्मचारियों को राहत देने अतिरिक्त मुख्य सचिव से मांग

नवभारत,जबलपुर। शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के निरीक्षण एवं प्रवास के दौरान लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संघ, मेडिकल कॉलेज शाखा जबलपुर द्वारा कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत स्वशासी कर्मचारियों को आज तक एम्पलाई कोड प्रदान नहीं किए गए हैं, जिसके कारण कर्मचारियों को स्थानांतरण, सर्विस बुक सत्यापन सहित विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने मांग की कि सभी स्वशासी कर्मचारियों को शीघ्र एम्पलाई कोड जारी किए जाएं।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि एम.एल.सी. एवं सेंट्रल लैब में तकनीकी स्टाफ की कमी के बावजूद कर्मचारियों से अवकाश एवं छुट्टियों के दिनों में भी सभी प्रकार के परीक्षण कराए जा रहे हैं, जिससे कर्मचारियों पर अत्यधिक कार्यभार बढ़ रहा है। संघ ने मांग की कि अवकाश एवं छुट्टियों के दिनों में केवल आवश्यक एवं इमरजेंसी जांच ही कराई जाएं तथा नियमित जांच कार्य सामान्य कार्यदिवसों में संपादित किए जाएं।

स्वशासी चिकित्सकों जैसे दिया जाए लाभ

संघ ने यह भी मांग रखी कि जिस प्रकार स्वशासी चिकित्सकों को पदोन्नति का लाभ दिया गया है, उसी प्रकार स्वशासी कर्मचारियों को भी पदोन्नति प्रदान की जाए। साथ ही फार्मासिस्ट संवर्ग के कर्मचारियों को आयुष्मान प्रोत्साहन राशि का लाभ देने की मांग भी की गई। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रस्तुत मांगों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विषयों पर आवश्यक परीक्षण एवं कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं संघ ने विश्वास व्यक्त किया है कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित एवं न्यायोचित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर उन्हें राहत प्रदान की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान वीरेंद्र तिवारी ,अजय कुमार दुबे ,घनश्याम पटेल, ओमप्रकाश ,वैभव पटेल ,आलोक , रोहित पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।

एक नजर में

स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के केंद्रीय चिकित्सालय के ऑडिटोरियम में शुक्रवार 29 मई को मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप कुमार चौहान के निर्देशन में प्राइवेट सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 76 सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान सभी सफाई मित्रों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं बॉडी मास इंडेक्स की जांच की गई। जांच उपरांत चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श एवं सुझाव प्रदान किए गए। साथ ही संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित सफाई मित्रों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने हेतु प्रेरित किया गया।

मोबाइल हैक कर खाते से उड़ाए 1 .96 लाख

जबलपुर । अधारताल थाना अंतर्गत नेता कॉलोनी निवासी युवक का साइबर ठग ने मोबाइल हैक कर लिया और खाते से 1 लाख 96 हजार रूपए पार कर दिए ।पुलिस के मुताबिक राजेश सोनारे 45 वर्ष निवासी नेता कॉलोनी अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका सीमेण्ट सीट का व्यवसाय है उन्नति ट्रेडर्स के नाम से रानीताल में दुकान है। उसका मोबाइल अचानक अपने आप बंद हो गया। उसने मोबाइल चालू करने का प्रयास किया मोबाइल के स्क्रीन में रीस्टार्ट जैसे डिस्पले शो होने लगा लगभग आधे घण्टे बाद उसका मोबाइल अपने आप चालू हो गया एवं 2 नोटिफिकेशन 98000-98000 रूपये का डेबिट होने का दिखाई दिखा जो कुछ ही सेकेण्ड में गायब हो गया उसके द्वारा गूगल पे पर अपने अकाउण्ट का बेलेंस देखा उसके आईसीआईसीआई बैंक शाखा अधारताल के करेंट अकाउण्ट से यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से निक्सडेल के नाम पर 98 हजार रूपये डेबिट हो गये एवं सेविंग अकाउण्ट से यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से रॉबिन कुमार के नाम पर 98 हजार रूपये डेबिट होना शो रहा था।

पश्चिम मध्य रेलवे में चलाया जा रहा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान

जबलपुर, नवभारत। भारतीय रेल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2026 अभियान के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों जबलपुर, कोटा एवं भोपाल में 15 मई से 5 जून तक विभिन्न पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस अभियान की थीम जलवायु परिवर्तन – धरती माँ की चुनौतियाँ है। अभियान के अंतर्गत स्वच्छ स्टेशन, प्लास्टिक प्रदूषण में कमी, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान जबलपुर मण्डल में अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों जबलपुर, कटनी, नई कटनी जंक्शन, सतना, रीवा, दमोह एवं पिपरिया में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जागरूकता एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों एवं रेल उपयोगकर्ताओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में केंद्रीय चिकित्सालय, जबलपुर में स्वच्छता अभियान एवं कचरा पृथक्करण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान चिकित्सालय परिसर की व्यापक साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छता कर्मियों को नवीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुरूप रंग-कोडित डस्टबिन (गीला एवं सूखा कचरा) के सही उपयोग एवं कचरे के वैज्ञानिक पृथक्करण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

कहीं दुर्घटना की वजह न बन जाएं ये खतरनाक गिट्टियां...

तिलहरी मार्ग पर पसरी हैं गिट्टियां

नवभारत,जबलपुर। कैंट विधानसभा अंतर्गत रानी अवंती बाई वार्ड स्थित तिलहरी राजुल सिटी गेट के सामने मुख्य मार्ग पर पड़ी गिट्टियों का ढेर इन दिनों एक बड़े हादसे को निमंत्रण देता दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों व व्यापारियों द्वारा वार्ड के सोशल मीडिया के व्हॉट्सएप ग्रुप में इस चूक का आक्रोश स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है। वायरल तस्वीर में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि सड़क पर गिट्टियों का ढेर पड़ा हुआ है और ये गिट्टियां दोपहिया व चार पहिया वाहन चालकों के टायर पड़ने के बाद उचटकर इधर उधर भाग रहीं हैं। ऐसे में ये खतरा बना हुआ है कि कहीं ये गिट्टी किसी को लग गई तो वो हादसे का शिकार हो सकता है ।



जानकारी के अनुसार गत दिवस गिट्टियों के कारण एक कार भी अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई थी जिससे चालक को चोटें आईं थीं। बताया जा रहा है कि सड़क पर करीब 24 घंटे बीतने जा रहे हैं और गिट्टियों को जिम्मेदारों द्वारा हटाया नहीं गया है। स्थानीय जनों की माने तो अज्ञात वाहन से ये गिट्टियां सड़क पर गिरीं हैं और तभी से ये ऐसे ही पड़ी हुईं हैं।

सरेराह चाकूबाजी के बाद युवक को मारी गोली

इंस्टाग्राम पोस्ट को लेकर वारदात, एफआईआर दर्ज

जबलपुर। गोहलपुर थाना अंतर्गत दमोहनाका में इंस्टाग्राम पोस्ट के विवाद में जमकर चाकू चले और सरेराह पिस्टल से फायरिंग कर दी गई। इस हमले में युवक गोली लगने से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक दमोहनाका निवासी 18 वर्षीय अमन उर्फ अम्बर श्रीवास के दोस्त रितिक ठाकुर का आदि दीक्षित नाम के युवक से पुराना मनमुटाव चल रहा था। 26 मई को आदि दीक्षित का जन्मदिन था। रितिक ने पुरानी रंजिश के चलते अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पुराना वीडियो पोस्ट कर दिया, जिसमें आदि की पिटाई हो रही थी। रितिक ने इस

पोस्ट पर हैप्पी बर्थडे छोटे लिखा और अपने दोस्त अमन को मेंशन कर दिया। जब आदि दीक्षित ने यह पोस्ट देखी, तो वह भड़क गया। 27 मई को आदि अपने साथियों के साथ अमन को उसके मोहल्ले में ढूंढने लगा। जब अमन को इसकी जानकारी मिली, तो उसने शाम को आदि को फोन किया। फोन उठाते ही आदि दीक्षित ने जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। उस शाम दोनों के बीच करीब 8 बार फोन पर बात हुई और आदि लगातार धमकियां देता रहा।

समझौते के बहाने बुलाया और किया हमला

गुरुवार को आदि दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर अमन को मैसेज कर कॉल करने को कहा। अमन ने जब कॉल किया, तो आदि ने उसे डरपोक कहते हुए चुनौती दी कि तू डर गया है, तेरे मोहल्ले आया तो तू छुप गया। इसके बाद दोनों पक्षों में रात को समझौता करने के लिए दमोहनाका मिलने की बात तय हुई। रात करीब 10:30 बजे अमन अपने दोस्त रितिक ठाकुर और अंश सिंह ठाकुर के साथ छोटे फुहारा में अतुल मेडिकल के सामने खड़ा था। तभी आदि दीक्षित, पीयूष सोनी, हर्ष कोष्टा और अन्य लड़के मोपेड व स्कूटी से वहां पहुंच गए।

पहले चाकूबाजी, फिर चली गोली

दोनों पक्षों में समझौते को लेकर बातचीत चल ही रही थी कि अचानक आदि दीक्षित ने रितिक को थप्पड़ मार दिया। बीच-बचाव के दौरान आरोपी हर्ष कोष्टा ने चाकू निकाल लिया। अमन और रितिक ने मिलकर हर्ष से चाकू छीन लिया। इसी बीच अमन की मां को किसी ने झगड़े की सूचना दे दी, तो वह भी मौके पर पहुंच गईं। मां को देखकर अमन ने चाकू जमीन पर फेंक दिया, जिसे हर्ष ने दोबारा उठा लिया। इसी दौरान आदि दीक्षित ने अपनी स्कूटी की डिग्गी खोली और पिस्टल निकाल ली। उसने पहले हवा में एक हवाई फायर किया। इसके बाद उसने अमन पर निशाना साधकर फायर किया, लेकिन पहली बार में गोली नहीं चली। आदि ने तुरंत दोबारा ट्रिगर दबाया, जिससे निकली गोली अमन के बाएं पैर के टखने के पास जा लगी। गोली लगते ही अमन लहूलुहान होकर गिर पड़ा और आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस प्रकरण दर्ज कर आदि दीक्षित, हर्ष कोष्टा, पीयूष सोनी और उनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है ।

ज्ञापन | आदिवासी विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल की मांग

कीड़े वाला खाना देने वालों पर हो कार्रवाई

जबलपुर। एमएलबी स्कूल के पास स्थित पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में छात्राओं को कीड़े युक्त चावल और घुन लगी दाल परोसी जा रही है। जिसके विरोध में मप्र आदिवासी विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर रघुवीर मरावी से मुलाकात की। साथ ही कीड़े वाला खाना देने वालों पर 48 घंटे में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी ।

मप्र आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तेकाम ने बताया कि छात्राओं द्वारा उपलब्ध कराए गए फोटो में चावल में इल्ली साफ दिखाई दे रही है। पूर्व में अक्टूबर माह में शिकायत के बाद सिर्फ आश्वासन मिला, कार्रवाई नहीं हुई। छात्राओं का आरोप है कि शिकायत करने पर अधीक्षिका द्वारा ड्रामा करती हो कहकर डराया-धमकाया जाता है। संगठन ने मांग की है कि तत्काल जांच कमेटी गठित की जाए जिसमें संगठन के पदाधिकारी शामिल हों और विभाग के अधिकारी सदस्य न हों, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके। छात्रावास का औचक निरीक्षण कर खाद्य सामग्री के सैंपल जांच हेतु भेजे जाएं। दोषी अधीक्षिका एवं मेस प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज हो। भोजन व्यवस्था जिला प्रशासन की सीधी निगरानी में संचालित हो। सभी छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। आदिवासी बेटियां पढ़ने आई हैं, जहर खाने नहीं। सरकार की योजनाओं को प्रबंधन की लापरवाही खा रही है। विभाग के अधिकारी जांच में लीपापोती कर देते हैं, इसलिए कमेटी में सामाजिक संगठन के लोग जरूरी हैं। 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। कार्रवाई नहीं हुई तो छात्रावास के बाहर धरना देंगे और मानवाधिकार आयोग जाएंगे। इस दौरान संघ राजेन्द्र सिंह तेकाम, शैलेन्द्र धुर्वे,बालकृष्ण उइके, इंद्रकुमार कुलस्ते घनश्याम यादव, काशीराम धुर्वे दीपेंद्र मरकाम महेंद्र मरावी, नरेश मरकाम, रामकुमार सैयाम लोटन मरकाम धरम मरावी महेश कडोपा महेन्द्र ठाकुर ब्रजमोहन धुर्वे सतीश सोम इंद्रजीत उर्रेती आदि रहे ।

करंट से मौत मामले में फरार मैनेजर की तलाश में छापेमारी

जबलपुर। बरेला थाना अंतर्गत बरगी मार्ग के समीप नेंगई सिरौरा स्थित निसर्ग वॉटर फॉल में 24 मई को स्वीमिंग पूल में लगे स्लाइडर के पोल में लापरवाही के करंट आने से हुई युवक की मौत के मामले में फरार चल रहे मैनेजर की तलाश में पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही है लेकिन अब तक पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस का दावा है कि संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है आरोपित को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा । मामले में पूर्व तहसीलदार, कर्मचारी को गुरूवार को जेल भेजा जा चुका है।

विदित हो कि 24 मई को विनीत विश्वकर्मा 33 वर्ष निवासी कांचघर नई बस्ती घमापुर का दोस्त नीरज मेहरा, अभिषेक सेन, साजन विश्वकर्मा चारों निसर्ग वॉटर फॉल स्विमिंग पूल ग्राम सरौरा में नहाने के लिये दोपहर लगभग 3 .30 बजे आये थे नहाते समय साजन दूसरे पूल में जाने के लिये स्विमिंग पूल के किनारे लगे लोहे के पाईप को पकड़े था जिसमें बिजली का तार लगा हुआ था करंट लगने से साजन विश्वकर्मा 20 वर्ष निवासी सुभाष नगर नई बस्ती झण्डा चौक रांझी की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की जिसमें यह बात सामने आई कि पूल के मोटर, बोरिंग चलाने के लिए बिजली के कटे तार लगे थे। जिसके चलते लोहे के पाईप में करंट आ गया था । करंट की जानकारी होने के बावजूद भी रिसोर्ट के प्रबंधक एवं कर्मचारी बिजली का कटा हुआ तार लोहे के पाईप में लगाये हुए थे। करंट की जानकारी होने के बाद भी रिसोर्ट के प्रबंधक व कर्मचारी द्वारा सुधार कार्य नही किया गया था। युवक को चिकत्सीय उपचार के लिए मदद भी मुहैया नहीं कराई थी। मामले में पुलिस ने निर्सग रिसोर्ट मालिक एवं पूर्व तहसीलदार विवेक त्रिपाठी, मैनेजर मनीष पटेल, कर्मचारी नीलेश कुमार पटेल के खिलाफ पुलिस ने धारा 105, 106(1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है ।